संख्या :: 201/03/E-5/डी.आर./रा0उ0नि0/2022–23 दिनाँक :: 31 जनवरी, 2023

विज्ञप्ति

राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा–2022

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/E-5/DR/RSI/2022, दिनाँक 14 अक्टूबर, 2022 द्वारा विज्ञापित राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा–2022 का आयोजन **दिनाँक 12 फरवरी, 2023 (रविवार)** को उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में किया जायेगा। उक्त परीक्षा के लिए औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 02 फरवरी, 2023** से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** एवं **ukpsc.net.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त जिन दिव्यांगजन अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र में श्रुतलेखक उपलब्ध कराने हेतु दावा किया गया है, ऐसे समस्त दिव्यांग अभ्यर्थी **परिशिष्ट–4(1) एवं परिशिष्ट–4(2)** को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ **परिशिष्ट–4(2)** में किये गये दावे के आधार पर शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में **दिनाँक 06 फरवरी, 2023 (शुक्रवार)** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी **परिशिष्ट–4(1) एवं परिशिष्ट–4(2)** आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, वे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात 10 फरवरी 2023 को कार्यावधि में अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।